भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1607
उत्तर देने की तारीख 31 जुलाई, 2024

चेन्नई निवार्चन क्षेत्र में निर्बाध 3जी/4जी/5जी कनेक्शन

1607. डॉ. टी. सुमति उर्फ तामिझाची थंगापंडियन:
क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा चेन्नई दक्षिण संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में टेलीफोन घनत्व में वृद्धि करने और इसके अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में निर्बाध 3जी/4जी/5जी कनेक्शन प्रदान करने के लिए क्या प्रभावी कदम उठाए गए है;
(ख) क्या सरकार बीएसएनएल में पिछले पांच वर्षों के दौरान बीएसएनएल लैंडलाइन और ब्रॉडबैंड कनेक्शन छोड़ने वाले पूर्व उपभोक्ताओं को दी जाने वाली 'प्रतिदाय' राशि का अत्यधिक बकाया होने के कारण समस्या का सामना कर रही है;
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और पिछले पांच वर्षों के दौरान कुल कितने उपभोक्ताओं ने बीएसएनएल की सेवाएं बंद कर दी हैं; और
(घ) विशेषकर चेन्नई दक्षिण निर्वाचन क्षेत्र में बीएसएनएल, तमिलनाडु सर्कल के उपभोक्ताओं के समक्ष आ रही सिग्नल और नेटवर्क संबंधी समस्याओं को दूर करने के लिए बीएसएनएल द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर
संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) और (घ) चेन्नई जिले में 26,505 बेस ट्रांसीवर स्टेशन (बीटीएस) 2जी/3जी/4जी/5जी मोबाइल कनेक्टिविटी उपलब्ध करा रहे हैं।

सरकार सार्वभौमिक सेवा दायित्व निधि से वित्तपोषण के माध्यम से तमिलनाडु सहित देश के सभी सेवा से वंचित गांवों में मोबाइल नेटवर्क कवरेज उपलब्ध कराने के लिए 4जी सेचुरेशन स्कीम सहित विभिन्न स्कीमें कार्यान्वित कर रही है।

बीएसएनएल बेहतर गुणवत्ता वाले मोबाइल सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए स्वदेशी रूप से विकसित 4जी दूरसंचार स्टैक रॉल आउट कर रहा है।

(ख) और (ग) जिन बीएसएनएल सब्सक्राइबरों ने लैंडलाइन और ब्रॉडबैंड कनेक्शनों को सरेंडर कर दिया है, उन्हें बकाया राशि में कटौती करने के पश्चात प्रतिदाय दिया जा रहा है। एफटीटीएच में परिवर्तन के मामले में प्रतिदाय नहीं दिया जाएगा। विगत 5 वर्षों के दौरान बीएसएनएल ब्रॉडबैंड और डिस्कनेक्ट किए गए एफटीटीएच का ब्यौरा निम्नानुसार है:

वर्ष	ब्रॉडबैंड	एफटीटीएच
2019-20	14,01,200	1,20,603
2020-21	9,54,240	1,81,552
2021-22	33,56,639	3,94,512
2022-23	6,09,760	6,02,306
2023-24	11,23,005	7,83,781

*****